भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2086
14 मार्च, 2023 को उत्तर देने के लिए

कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर

2086. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:
श्री राजेन्द्र अग्रवाल:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों को मंजूरी दी है:
(ख) यदि हां, तो स्थापित किए गए जाने वाले प्रस्तावित क्लस्टरों का ब्यौरा क्या है:
(ग) उपरोक्त क्लस्टरों के लिए दी जाने वाली परियोजनाओं की लागत, सहायता अनुदान आदि का ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपरोक्त क्लस्टरों को किस तिथि तक चालू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ग): जी हां, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन हेतु उप-योजना के तहत महाराष्ट्र राज्य में 14 कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) परियोजनाएं और उत्तर प्रदेश राज्य में 3 एपीसी परियोजनाओं को अनुमोदन दिया है। इन कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): दिनांक 08.06.2022 के कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन की मौजूदा योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, सामान्य क्षेत्र में एपीसी परियोजना को पूरा करने के लिए निर्धारित समय सीमा 24 महीने है और दुर्गम क्षेत्र की परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) को अनुमोदन पत्र जारी होने की तारीख से 30 महीने है।

अनुबंध

कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर के संबंध में दिनांक 14.03.2023 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2086 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लेखित अनुबंध

पीएमकेएसवाई के कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन के लिए उप-योजना के तहत महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमोदित कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं.	**परियोजना निष्पादन एजेंसी (पीईए) का नाम**	**ज़िला**	**परियोजना लागत (करोड़ रुपए में)**	**अनुमोदित अनुदान (करोड़ रुपए में)**	**जारी किया अनुदान (करोड़ रुपए में)**
महाराष्ट्र राज्य में अनुमोदित कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर					
1	मैसर्स सह्याद्री फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड	नासिक	33.27	8.656	8.4396
2	मैसर्स इंडिया मेगा एग्रो अनाज लिमिटेड	नांदेड़	30.99	10	6.5
3	मेसर्स स्वाभिमानी को-ऑप इंडस्ट्रियल एस्टेट लिमिटेड	कोल्हापुर	31.97	10	6.95964
4	मैसर्स किसान संपदा फूड पार्क इंडस्ट्रीज	नागपुर	29.96	9.69	7.2675
5	मैसर्स मधुर फूड पार्क एलएलपी	धुले	25.84	10	6.5447
6	एम/एस रेवा तापी वेली इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट	नंदुरबार	27.06	10	3.15
7	मैसर्स प्रवीन मसालेवाले	सतारा	64.69	10	3.15
8	एम/एस किसान एग्रो फूड पार्क	पालघर	27.1561	9.2106	0
9	मैसर्स बहेती कृषि समूह एलएलपी	वाशिम	12.544	2.8496	0.9455
10	मेसर्स चिंतेश्वर एग्रो प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड	बीड	22.504	8.2796	2.67568
11	मेसर्स सद्गुरु फूड पार्क	रायगढ़	42.359	9.4257	0
12	मैसर्स वर्षा एग्रो	पुणे	40.67	10	0
13	मैसर्स तुलजाई एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर	नासिक	15.522	6.3	0
14	मैसर्स दिव्यांश एग्रो एंड फूड पार्क	भंडारा	26.652	10	0
उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमोदित कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर					
1	एम/एस गोविंदग्रीन फूड्स इंफ्राटेक	कानपुर देहात	34.31	9.02	7.1139
2	मैसर्स सीआरडी फूड्स	मथुरा	21.05	10	8.794
3	मेसर्स अर्जुनगढ़ इंडस्ट्रियल एस्टेट एलएलपी	सीतापुर	29.28	7.462	0